# जल जीवन मिशन के अर्न्तगत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति के संदर्भ में दिनांक 11.05.2026 को आहूत साप्ताहिक बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल) के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं अभियंता गण उपस्थित रहे:-

1. श्री संदेष सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
2. श्री मनोज कुमार राजपूत, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
3. श्री शिवाकांत अवस्थी, सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम., महोबा।
4. श्री मनीष शुक्ला, सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम., महोबा।
5. श्री कमलेश बाजपेयी, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
6. श्री अशफाक खान, डी.टी.एल., टी.पी.आई., सेन्सिस, महोबा।
7. श्री दिनेश वर्मा, प्रोजेक्ट इंजीनियर, शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना।
8. श्री विवेक कुमार, प्रबंधक, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना।
9. श्री दौदीप, ओ0एण्डएम0 इन्चार्ज, सलैइया-नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना।
10. श्री धीरेन्द्र शर्मा, ओ0एण्डएम0 इन्चार्ज, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना।
11. श्री जुल्फिकार अब्बास, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, एस.सी.एल.-एस.एम.सी. जेवी।



1. **सड़क पुनर्निर्माण (रोड रेस्टोरेशन):**-जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में रोड रेस्टोरेशन की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:-

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ग्राम | कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों की संख्या | अवशेष ग्रामों की संख्या | लगायी गयी टीमों/ग्राम की संख्या | साप्ताहिक प्रगति (ग्राम) | क्रमिक प्रगति (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | 0 | - | 0 | 100 |
| 2. | सलैइया-नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | 0 | - | 0 | 100 |
| 3. | लहचूरा-'काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 75 | 0 | - | 0 | 100 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता-के0बी0गुप्ता जेवी) | 37 | 35 | 02 | - | 0 | 94.59 |
| 5. | धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.-एस.एम.सी.) | 95 | 90 | 05 | - | 0 | 94.74 |
| 6. | कुल:- | 344 | 337 | 07 | - | 0 | 97.97 |

Scanned with OKEN Scanner

कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 ग्रामों तथा धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 05 ग्रामों में सड़कों का निर्माण कार्य अवशेष है तत्क्रम में अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), मै0 एन0के0 गुप्ता जेवी के0वी0 गुप्ता एवं एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 सेन्सिस महोबा को निर्देशित किया गया कि रोड़ रेस्टोरेशन से सम्बन्धित अवशेष कार्यों को 01 सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने के पश्चात मरम्मत हेतु अवशेष सड़कों का सचिवों द्वारा कराये गये सत्यापन के अनुसार शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 09 ग्रामों में 11 सडकें, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 ग्रामों में 03 सडकें, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 06 ग्रामों में 13 सड़कें, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 05 ग्रामों में 14 सड़कें तथा धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 38 ग्रामों में 117 सडकें मरम्मत हेतु अवशेष हैं अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर/इन्चार्ज आपरेशन एण्ड मेंटीनेन्स को निर्देशित किया गया कि अवशेष सड़कों की मरम्मत 07 दिवस में कराते हुए डीटीएल टीपीआई के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

2. ओ.एच.टी.:–जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में ओवर हेड टैंक की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ओ.एच.टी. की संख्या | पूर्ण ओ.एच.टी. की संख्या (अधिशाषी अभियंता के अनुसार) | अवशेष ओ.एच.टी. की संख्या | ओ.एच.टी. की साप्ताहिक प्रगति | कुल फंक्शनल ओ.एच.टी. की संख्या (टी.पी.आई. के अनुसार) | फंक्शनल ओ.एच.टी. की साप्ताहिक प्रगति (टी.पी.आई. के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 18 | 18 | – | – | 18 | – |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 40 | 40 | – | – | 40 | – |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 32 | 32 | – | – | 32 | – |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0वी0गुप्ता जेवी) | 13 | 13 | – | – | 13 | – |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 29 | 29 | – | – | 29 | – |
| 6. | कुल:– | 132 | 132 | – | – | 132 | – |

बैठक में उपस्थित डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 सेन्सिस महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद महोबा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कतिपय ग्रामों में पाइप लाइन की लेईंग की जानी अभी शेष है। अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में अवशेष पाइप लाइन की लेईंग कराना सुनिश्चित करें।

3. सी.डब्लू.आर.:–जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में सी0डब्लू0आर0 की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | सी.डब्लू.आर. की संख्या | पूर्ण सी.डब्लू.आर. की संख्या | अवशेष सी.डब्लू.आर. की संख्या | क्रियाशील सी.डब्लू.आर. की संख्या | अक्रियाशील सी.डब्लू.आर. की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 06 | 06 | 0 | 06 | 0 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 22 | 22 | 0 | 22 | 0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | लहचूरा–'काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 10 | 10 | 0 | 10 | 0 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 09 | 09 | 0 | 09 | 0 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 09 | 09 | 0 | 09 | 0 |
| 6. | कुलः– | 56 | 56 | 0 | 56 | 0 |

बैठक में उपस्थित डी0टी0एल0, टी0पी0आई0, सेन्सिस महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत बिलरई एवं इन्दहाटा स्थित सी0डब्लू0आर0 की रिजर्व पम्प/मोटर खराब है। सम्बन्धित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर, को निर्देशित किया गया कि खराब पम्पों को यथाशीघ्र सही कराकर डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 सेन्सिस को अवगत करायें।

4. हर घर जलः– जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में हर घर जल प्रमाणन की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती हैः–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | एच.जी.जे. 100 प्रतिशत पूर्ण ग्रामों की संख्या | अवशेष ग्रामों की संख्या | एच.जी.जे. प्रमाणित ग्रामों की संख्या | साप्ताहिक प्रगति | प्रमाणन हेतु शेष ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | 0 | 60 | – | 0 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | 0 | 76 | 0 | 01 |
| 3. | लहचूरा–'काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 78 | 0 | 75 | 0 | 0 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 37 | 37 | 0 | 35 | 0 | 02 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 95 | 95 | 0 | 82 | 01 | 13 |
| 6. | कुलः– | 344 | 344 | 0 | 328 | 0 | 16 |

उक्त से स्पष्ट है कि जनपद महोबा में हर घर जल (100 प्रतिशत पूर्ण) हेतु फर्म एन०के० गुप्ता–के०बी० गुप्ता का एक ग्राम गुगौरा अवशेष है, ग्राम झीर साहिबा डूब क्षेत्र में है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर उक्त ग्रामों में वांछित नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। डी.टी.एल. टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत ग्राम गुगौरा का हर जल प्रमाणन शेष है, धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत 13 ग्राम बडखेरा, रागौली, पसानाबाद, नगाराडांग, बिजौरी, घगौरा, गंज, धवर्रा, पचपहरा, खमा, पठारी नवाबाद, रावतपुर खालसा तथा श्रीनगर का हर घर जल प्रमाणन शेष है। सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्रामों को शीध्र हर घर जल प्रमाणित करना सुनिश्चित करें।

5. एफ.एच.टी.सी.:–जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में एफ.एच.टी.सी. की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती हैः–

Scanned with OKEN Scanner

| क्र0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल हाउसहोल्ड | प्रदत्त एफ.एच.टी.सी. | एफ.एच.टी.सी. की साप्ताहिक प्रगति | अवशेष एफ.एच.टी.सी. की संख्या | एफ.एच.टी.सी. प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 20449 | 20449 | — | 0 | 100 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 28072 | 28072 | 0 | 0 | 100 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 21622 | 21622 | 0 | 0 | 100 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 11976 | 11800 | 0 | 176 | 98.57 |
| 5. | चवरी–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 30104 | 30104 | 0 | 0 | 100 |
| 6. | कुल:– | 112223 | 112047 | 0 | 176 | 99.85 |

उक्त के संबंध में डीटीएल टीपीआई द्वारा अवगत कराया गया कि कबरई ग्राम समूह पेयजल परियोजना के अन्तर्गत ग्राम झीर साहिबा डूब क्षेत्र होने के कारण उक्त से सम्बन्धित 176 एफ.एच.टी.सी. प्रदान नहीं किया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में अधिशापी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष एफ०एच०टी०सी० को व्यक्तिगत ध्यान देकर तत्काल पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें एवं भारत सरकार के पोर्टल (e-jalshakti) एवं जल जीवन मिशन पोर्टल में कोई भिन्नता होने की दशा में मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

6. **कमीशनिंग विलेज:–** जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में कमीशनिंग/रेगुलर वाटर सप्लाई की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क्र0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कमीशनिंग ग्रामों की संख्या | कमीशनिंग हेतु शेष ग्रामों की संख्या | रेगुलर वाटर सप्लाई वाले ग्रामों की संख्या | नियमित जलापूर्ति हेतु शेष ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | — | 58 | 02 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | — | 77 | 0 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 75 | — | 74 | 01 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 37 | 37 | — | 36 | 01 |
| 5. | चवरी–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 95 | 95 | — | 86 | 09 |
| 6. | कुल:– | 344 | 344 | — | 331 | 13 |

जल जीवन मिशन पोर्टल पर जनपद महोबा में नियमित जलापूर्ति हेतु 13 ग्राम अवशेष हैं जिसमें फर्म एल0 एण्ड टी0 के 02 ग्राम, एस०सी०एल० एस०एम०सी० के 09 ग्राम, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का 01 ग्राम तथा फर्म एन०के० गुप्ता–के०बी० गुप्ता के 01 ग्राम में नियमित पेयजलापूर्ति नहीं की जा रही है। शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति किए जा रहे 58 ग्रामों में से 40 ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति 08 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक 08 ग्रामों में 75 प्रतिशत से अधिक, 02 ग्रामों में 50 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति किए जा

Scanned with OKEN Scanner

रहे 74 ग्रामों में से 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति, 08 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक, 07 ग्रामों में 75 प्रतिशत से अधिक, तथा 01 ग्राम में 50 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति किए जा रहे 77 ग्रामों में से 28 ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति, 34 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक, 12 ग्रामों 75 प्रतिशत से अधिक, 01 ग्राम में 50 प्रतिशत से अधिक, 02 ग्रामों में 50 प्रतिशत से कम पेयजलापूर्ति की जा रही है, कबरई ग्राम समूह पेयजलापूर्ति के अन्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति किए जा रहे 36 ग्रामों में से 11 ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति, 15 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक, 09 ग्रामो में 75 प्रतिशत से अधिक, 01 ग्राम में 50 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है, धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत नियमित पेयजलापूर्ति किए जा रहे 86 ग्रामों में से 30 ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति, 26 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक, 24 ग्रामों में 75 प्रतिशत से अधिक तथा 06 ग्रामों में 50 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है। समीक्षा से विदित होता है कि अवशेष 13 ग्रामों में रेगुलर वाटर सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित फर्मों द्वारा पर्याप्त मैन पावर/टीम की तैनाती नहीं की जा रही है। ये स्थिती अत्यंत आपत्तिजनक है तथा उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के प्रतिकूल है। सम्बन्धित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि लीकेज/फाल्ट होने की दशा में समस्या का तत्काल निस्तारण कराते हुये सम्बन्धित ग्राम में उसी दिन पेयजलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें एवं समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर रेगुलर वाटर सप्लाई हेतु अवशेष ग्रामों में 01 सप्ताह में रेगुलर वाटर सप्लाई सुनिश्चित करें तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति के फोटोग्राफ्स जे0जे0एम0 ग्रुप में शेयर करें। अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सहायक अभियंता एवं टी.पी.आई. से उक्त का प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुये उक्तानुसार अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

7. <u>जल निगम (ग्रामीण):–</u>

पोर्टल के अनुसार जल निगम (ग्रामीण) के कुल 73 ग्रामों के सापेक्ष 63 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके हैं तथा कुल 26427 हाउस होल्ड के सापेक्ष कुल 26427 एफ०एच०टी०सी० प्रदान किये जा चुके हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि शेष 10 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

8. <u>ग्राम प्रधानों/ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष निस्तारण:–</u>

ग्रामवासियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी शिकायतें शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 35 शिकायतें, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 45 शिकायतें लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 78 शिकायतें, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 12 शिकायतें तथा धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 156 शिकायतें का निस्तारण अभी शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त संबंधित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

9. <u>कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का विवरण:–</u>

धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 शिकायतें, शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 07 शिकायतें, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 08 शिकायतें, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 03 शिकायतें, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अर्न्तगत 02 शिकायतें तथा फर्म ईगल से आच्छादित ग्रामों की 02 शिकायतें निस्तारण हेतु अभी शेष हैं। उक्त लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

10. <u>जल जीवन मिशन पोर्टल पर शिकायतों का विवरण:–</u>

समीक्षा बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के पोर्टल दिनांक 04.05.2026 एवं दिनांक 11.05.2026 की लम्बित शिकायतों के रिपोर्टस का अवलोकन करने पर निम्नलिखित स्थिति परिलक्षित होती है:–

| कम संख्या | परियोजना का नाम | 15 दिनों से अधिक लम्बित शिकायतों वाले ग्रामों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक 04.05.2026 | दिनांक 11.05.2026 | प्रगति |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना | 10 | 11 | –01 |
| 2. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना | 07 | 08 | 01 |
| 3. च | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना | 17 | 19 | –02 |
| त | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना | 05 | 05 | 0 |
| स | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना | 34 | 38 | – 04 |

उक्त से स्पष्ट है कि 01 सप्ताह व्यतीत हो जाने के पश्चात भी परियोजनाओं से आच्छादित ग्रामों की शिकायतों के निस्तारण में पर्याप्त प्रगति नहीं हो रही है अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) तथा सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर्स को निर्देशित किया गया कि पेयजल के सम्बन्ध में पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का स–समय निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

**11. ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेड:–**

बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेड द्वारा जनपद महोबा के 45 ग्रामों तथा बरखेड़ा ग्राम समूह पेयजल योजना के 22 ग्रामों में पेयजलापूर्ति से सम्बन्धित मेण्टीनेन्स के कार्यों को किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेड के डी.पी.एम. को निर्देशित किया गया कि उक्त ग्रामों से सम्बन्धित डी.पी.आर. में उल्लिखित स्कोप के सापेक्ष किये जा रहे कार्यों के विवरण के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के आपरेशन एण्ड मेंटीनेन्स इन्चार्ज द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अकबई में रेलवे द्वारा किए जा रहे कार्यों के कारण पाइप लाइन डैमेज होने से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही तथा ग्राम सिरसीकलां में पी0डबलू0डी0 द्वारा ब्रिज के निर्माण के कारण पाइप लाइन टूटने से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है तथा कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के आपरेशन एण्ड मेंटीनेन्स इन्चार्ज द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अलीपुरा में एन0एच0 द्वारा सड़क निर्माण के कारण पाइप लाइन टूटने से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये शीघ्रातिशीघ्र उक्त ग्रामों में पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

दिनांक 13.05.2026

पत्रांक:– 1586 / एस.टी.–जे.जे.एम. / 2026

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, महोदया को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशाषी निदेशक, महोदय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोनार्थ।
3. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
4. डी.टी.एल. टी.पी.आई. सेन्सिस महोबा।
5. इन्चार्ज ओ0एण्डएम0, (एल.एण्ड.टी.) शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना महोबा।
6. इन्चार्ज ओ0एण्डएम0, (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल. जेवी) महोबा।
7. इन्चार्ज ओ0एण्डएम0, (मैं0 एन0के0 गुप्ता–के0बी0 गुप्ता जेवी) महोबा।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, (एस.सी.एल.–एस.एम.सी. जेवी) महोबा।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner